हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, रविवार, 14 सितंबर 2025
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 29.0 डिग्री
न्यूनतम 26. 0 डिग्री

महिला किसानों को मधुमक्खी पालन से जोड़ेंगी कृषि व पशु सखियां
2




## खबर संक्षेप

### सौरभ ने मुख्यमंत्री से की 132 केवी सब स्टेशन स्थापना की मांग

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ राज्य खनिज विकास निगम के अध्यक्ष एवं पूर्व विधायक सौरभ सिंह ने मुख्यमंत्री विष्णु देव साय से मुलाकात कर उन्हें बलौदा में 132 के व्ही सब स्टेशन की स्थापना की मांग करते हुए ज्ञापन सौंपा। सौरभ सिंह ने ज्ञापन के माध्यम से मुख्यमंत्री को बताया कि अकलतरा विधानसभा के बलौदा क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति में लगातार बाधाएं आती है। जिसके कारण उपभोक्ताओं को परेशानियों का सामना करना पड़ता है। सब स्टेशन की स्थापना के लिए पूर्व में शासन द्वारा भूमि आवंटित की जा चुकी है किंतु पूर्व सरकार द्वारा उक्त सब स्टेशन की स्थापना नहीं करवाई गई जिसके परिणाम स्वरूप उपभोक्ताओं को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है।

### फगुरम क्षेत्र में नहीं थम रही अवैध शराब की बिक्री

**मालखरौदा।** फगुरम क्षेत्र में अवैध शराब के भंडारण व विक्रय को लेकर महिलाओं द्वारा मुहिम छेड़ने के बावजूद क्षेत्र में अवैध शराब की बिक्री नहीं थम रही है। यहां तक की बड़ी संख्या में पुलिस थाने में पुलिस बल का तैनात किया गया है। ऐसे में कई गांव के जागरूक सरपंच ,महिला समूह अवैध शराब बंद करने की मुहिम छेड़े हुए है। ग्राम अंडा में सरपंच व पंच मालखरौदा थाना पहुंचे और एक युवक द्वारा गाली गलौज करते हुए जान से मारने दी। सरपंच पूरे पंचों के साथ मालखरौदा थाना प्रभारी के पास पहुंचे तथा उसके खिलाफ सरपंच पंच एवं ग्रामीणों का लिखित ज्ञापन सौंपा गया।

### उप मुख्यमंत्री ने अटल परिसर का किया लोकार्पण, 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों का भूमिपूजन

# छत्तीसगढ़ निर्माता के सपनों को साकार कर रही सरकार : साव

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने जिला मुख्यालय में 17 करोड़ से अधिक के विकास कार्यों की सौगात दी। डिप्टी सीएम ने जिला मुख्यालय जांजगीर में 50 लाख की लागत से निर्मित अटल परिसर और चौपाटी का लोकार्पण किया। वहीं विभिन्न निर्माण कार्यों का भूमिपूजन भी किया। साथ ही नगर पालिका जांजगीर नैला के सर्वसुविधायुक्त भवन के लिए ढाई करोड़ और नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न विकास कार्यों के लिए ढाई करोड़ देने की घोषणा की।

जिला मुख्यालय जांजगीर में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण शनिवार 13 सितंबर को उप मुख्यमंत्री अरुण साव के मुख्य आतिथ्य में हुआ। साथ ही चौपाटी का भी लोकार्पण किया गया। इसके आलावा नगर पालिका जांजगीर-नैला में 4.37 करोड़ की लागत के सेंट्रल लाइब्रेरी-सह-रीडिंग जोन, 10.84 करोड़ की लागत के एसटीपी एवं 1.97 करोड की लागत से पाईपलाईन विस्तार एवं सम्पवेल निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। लोकार्पण व भूमिपूजन समारोह में उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने छत्तीसगढ़ के निर्माता अटल बिहारी वाजपेयी को याद करते हुए प्रदेश सरकार की उपलब्धियां बताई। उप मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में निरंतर विकास कार्यों को मंजूरी दी जा रही है तथा जनसुविधाओं का लगातार विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नालंदा परिसर विद्यार्थियों, प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी करने वाले छात्र-छात्राओं के भविष्य को संवारने का सशक्त माध्यम बनेगा। श्री साव ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी छत्तीसगढ़ राज्य निर्माता हैं। उनके सम्मान में प्रदेश के सभी नगरीय निकायों में अटल परिसर विकसित किए जा रहे हैं। अलग राज्य बनने के पश्चात छत्तीसगढ़ तीव्र गति से विकास की ओर अग्रसर है। स्व. वाजपेयी के सपनो को साकार करने का काम प्रदेश सरकार कर रही है। उन्होंने कहा कि अटल परिसर, पूर्व प्रधानमंत्री वाजपेयी की राष्ट्रसेवा, विकास दृष्टि और आदर्श मूल्यों को आने वाली पीढ़ियों तक पहुंचाने का प्रभावशाली माध्यम बनेगा। उन्होंने कहा कि यह छत्तीसगढ़ का रजत जयंती वर्ष है। 25 वर्ष पूर्व बने इस राज्य ने विकास की एक नई गाथा लिखी है और आने वाले समय में "हमने बनाया है, हम संवारेंगे" इस ध्येय वाक्य के साथ इसे और संवारने की दिशा में कार्य किया जा रहा है। कार्यक्रम को सांसद श्रीमती कमलेश जांगड़े, जांजगीर-चांपा विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल ने भी संबोधित किया। इस मौके पर छत्तीसगढ खनिज विकास निगम के अध्यक्ष सौरभ सिंह, पूर्व संसदीय सचिव अंबेश जांगड़े, पूर्व सांसद श्रीमती कमला देवी पाटले, पूर्व विधायक चुन्नीलाल साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती सत्यलता आनंद मिरी, नगर पालिका अध्यक्ष रेखा देवा गढेवाल सहित अन्य उपस्थित थे।


विकास कार्यो का लोकार्पण व शिलान्यास करते उपमुख्यमंत्री अरुण साव।

## चांपा में नवनिर्मित अटल परिसर का लोकार्पण



**चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण देश के पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न स्व. अटल बिहारी बाजपेयी ने किया। अब प्रदेश की विष्णुदेव साय सरकार स्व. अटल की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश को विकास के पथ पर आगे ले जाने का काम कर रही है। चांपा की जनता की मूलभूत आवश्यकताओं की पूर्ति के लिए 3 करोड़ रुपए की स्वीकृति प्रदान की जाती है। उक्त बातें प्रदेश के उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने शनिवार 13 सितंबर को शाम 4:30 बजे से गौरव पथ स्थित विवेकानंद उद्यान में 30 लाख रुपए की लागत से निर्मित अटल परिसर के लोकार्पण तथा 48.56 लाख की लागत से घोघरानाला के पास पानी टंकी निर्माण और 29.98 लाख की लागत से निर्मित किए जाने वाले नगर पालिका कर्मचारी आवास के भूमिपूजन समारोह को संबोधित करते हुए कही। उन्होंने क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर जांजगीर से चांपा के बीच फोरलेन सड़क निर्माण का परीक्षण करकर इसे भी स्वीकृति प्रदान करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ का निर्माण पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी बाजपेयी ने बगैर किसी भेदभाव के यह जानते हुए भी किया कि यहां कांग्रेस की सरकार बनेगी अब प्रदेश की साय सरकार उनकी स्मृति को चिरस्थायी बनाने के लिए नगरीय निकायों में अटल परिसर तथा ग्राम पंचायतों में अटल चौक का निर्माण करवा रही है। सर्वप्रथम अटल के कार्यकाल में ग्रामों को सड़क सम्पर्क के माध्यम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना द्वारा जोड़ा गया। छत्तीसगढ़ की वर्तमान सरकार अटल की भावनाओं के अनुरूप प्रदेश को विकास के मार्ग पर ले जाने के कार्य में जुटी है। नगरीय निकायों के विकास हेतु अब तक चांपा नगर पालिका को 28 करोड़ की राशि दी जा चुकी है। साय ने कहा कि यहां की जो भी मांग होगी, उसे पूरा किया जाएगा। इसके पूर्व समारोह को सांसद कमलेश जांगड़े, क्षेत्रीय विधायक ब्यास कश्यप, पूर्व नेता प्रतिपक्ष नारायण चंदेल तथा पालिका अध्यक्ष प्रदीप नामदेव ने भी संबोधित किया। कार्यक्रम स्थल पहुंचते ही उप मुख्यमंत्री अरूण साव ने सर्वप्रथम अटल परिसर का लोकार्पण किया तथा बाद में भूमिपूजन का कार्य सम्पन्न किया। अतिथियों के मंचासीन होने के बाद उनका साल, श्रीफल तथा पुष्पाहार से स्वागत किया गया। कार्यकम का संचालन गोपी बरेठ तथा आभार प्रदर्शन सीएमओ रामसंजीवन सोनवानी ने किया। इस मौके पर नगर के प्रशासनिक अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में भाजपा नेता , पालिका के अधिकारी कर्मचारी के अलावा बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से ग्रामीण परेशान

### व्यवस्था सुधार को लेकर विभाग का नहीं ध्यान

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



सारागांव सब स्टेशन में आने वाले दर्जनों गांवों में अघोषित बिजली कटौती से उपभोक्ता खासे परेशान है। वहीं व्यवस्था सुधार को लेकर जिम्मेदार विद्युत विभाग का अमला ध्यान नहीं दे रहा है। जिसके चलते ग्रामीणों को परेशानी उठानी पड़ रही है।

गौरतलब है कि सारागांव सब स्टेशन अंतर्गत दर्जनों गांव की विद्युत व्यवस्था संचालित होती है। वहीं इन गांवों में बिना किसी पूर्व सूचना के बिजली बंद कर दी जा रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ गई है। गांव में बिजली गुल के कारण जहां बच्चों की पढ़ाई लिखाई प्रभावित हो रही है। वहीं इलेक्ट्रानिक से संबंधित उपकरण भी संचालित नहीं हो पा रहे है। सितंबर महीने के दौरान उमस पड़ रही है। वहीं दोपहर के वक्त तेज धूप भी पड़ रही है। जिसके चलते ग्रामीणों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस तरह की समस्या कमरीद, कोसमंदा, देवरी सारागांव, चोरिया, सरवानी, अमरूवा, मुड़पार, पचोरी, अफरीद, हथनेवरा सहित अन्य गांवों में देखने को मिल रही है। ऐसा भी नहीं है कि इस बात की जानकारी जिम्मेदार विद्युत विभाग के अधिकारियों को ना हो। इसके बावजूद व्यवस्था सुधार को लेकर ध्यान नहीं दिया जा रहा है। सप्ताह भर के बाद नवरात्रि पर्व भी प्रारंभ हो जाएगा। इस दौरान बड़े पैमाने पर बिजली की आवश्यकता रहती है। वहीं विभाग के द्वारा पर्व को देखते हुए भी मेंटनेंस के नाम पर बिजली गुल कर दी जाती है। जिसके चलते लोगों को परेशानी उठानी पडती है।

### अधिक बिजली बिल आने से लोग परेशान

इधर शहर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में स्मार्ट मीटर लगने के बाद अधिक बिजली बिल आने की शिकायतें सामने आ रही है। जिसके चलते लोगों की दिक्कतें बढ़ गई है। इस समस्या को लेकर उपभोक्ताओं के द्वारा विद्युत मंडल कार्यालय का घेराव भी किया जा चुका है। दूसरी ओर बिजली बिल हाफ योजना में किए गए बदलाव ने भी उपभोक्ताओं को झटका दिया है। अब 400 यूनिट के बजाए 100 यूनिट को ही हाफ बिल योजना में शामिल किया गया है।

### बनाई जाएगी व्यवस्था

33केव्ही वाट में तकनीकी खराबी आ जाने के चलते विद्युत व्यवस्था प्रभावित हो रही है। सुधार को लेकर व्यवस्था बनाई जा रही है।

**-पंकज साव,**
कनिष्ठ यंत्री
सारागांव सब स्टेशन



## खबर संक्षेप

### सूर्य घर योजना के प्रति लोगों की बढ़ रही जागरूकता



**अकलतरा।** दिनोदिन सोलर ऊर्जा के प्रति जागरूकता और उत्सुकता बढ़ रही है। सोलर से बिजली उत्पादन केंद्र सरकार की महत्वपूर्ण कार्य योजना है। सोलर से बिजली उत्पादन में बढ़ोत्तरी से ताप विद्युत संयंत्रों पर निर्भरता घटेगी जिससे ताप संयंत्रों से उत्सर्जित होने वाली कार्बन डाइ ऑक्साइड में कमी आएगी एवं पर्यावरण शुद्ध होगा। इस योजना को प्रोत्साहित करने हेतु केंद्र सरकार पहले ही तीन किलोवॉट के सोलर पैनल इंस्टॉल करने के लिए 78 हजार की सब्सिडी ग्राहकों को दे रही थी, वर्तमान में राज्य सरकार ने भी 30 हजार सब्सिडी का आदेश जारी किया है जिसका लाभ ग्राहकों को मिल रहा है। बिजली बिल से राहत और कम खर्चे में सोलर पैनल का इंस्टॉलेशन हो रहा। इसी क्रम में नगर में रोशन सिंह के निवास में प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना से तीन किलोवॉट सोलर पैनल शारदा कंस्ट्रक्शन द्वारा इंस्टॉल किया गया। सीएसपीडीसियल के ए सी अमर चौधरी ने बताया कि जिले में सोलर पैनल इंस्टॉलेशन को बढ़ाने हेतु विद्युत विभाग के अधिकारीयो और अधिकृत वेंडरो की संयुक्त मीटिंग लेकर उनको मार्गदर्शन दिया गया है। अधिक्षण यंत्री बी एल जांगड़े ने कहा कि पीएम सूर्य घर योजना का लाभ लेकर ग्राहक स्वय बिजली उत्पादन कर रहे है और बिजली बिल के खर्चे से निजात पा रहे है। नगर में इंस्टॉल कनेक्शन का सिंक्रोनाइज एई बी एल जांगड़े और उसके टीम ने किया।

### तुर्रीधाम मंदिर परिसर में धर्मेन्द्र सिंह ने सुनी लोगों की समस्याएं



**सक्ती।** सक्ती विधानसभा के तुर्रीधाम मंदिर परिसर में शनिवार 13 सितंबर को सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे जनता की समस्याओं को सुनने के लिए राजा धर्मेंद्र सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने उनकी समस्याओं को सुना एवं कुछ समस्याओं को त्वरित निराकरण किया। जनता के आवेदन लिए उनके निराकरण के लिए संबंधित अधिकारियों से बात किये और उनकी समस्याओं को निराकरण करने के लिए उन्हें आश्वासन दिये। सक्ती राजमहल सदैव जनता की सेवा करते आ रहा है इसको आगे बढ़ाने के लिए राजा धर्मेंद्र सिंह सभापति एवं जिला पंचायत सदस्य ने तुर्रीधाम में खुले मंच पर जन समस्याओं को सुनकर उनका निराकरण करने के लिए नई पहल की है। जिसे वे निरंतर प्रत्येक सोमवार को वहां पर उपस्थित होकर जनता से रूबरू होते रहेंगे और उनकी समस्याओं का निराकरण करने के लिए हर संभव प्रयासरत रहेंगे। साथ में उपस्थित रोहिताश चंद्र दोहरे,पुष्पेंद्र चंद्रा, कमल राठौर,सूरज सोना,बसीन सरपंच इत्यादि उपस्थित रहे।

## निधन

### वीर कुमार जैन



**जांजगीर-चांपा।** नगर के स्टेशन रोड स्थित व्हीआईपी सीटी निवासी प्रतिष्ठित नागरिक वीर कुमार जैन (सागर वाले ) का शुक्रवार 12 सितंबर की रात्रि 8.15 बजे निधन हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्री एवं एक पुत्र सहित भरपुरा परिवार रोता बिलखता छोड़ गए है। उनका अंतिम संस्कार शनिवार 13 सितंबर को नैला मुक्ति धाम में किया गया। अंतिम यात्रा में परिजन, व्यापारी एवं नगर के गणमान्य नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुए।

भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ ने आयोजित किया कार्यशाला

# अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभ पहुंचाने सरकार चला रही जनकल्याणकारी योजनाएं: सिंह



कार्यशाला में उपस्थित अतिथि व मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता।

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

भाजपा पामगढ़ मंडल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस 17 सितंबर को सेवा पखवाड़े के रूप में मनाने के लिए कार्यशाला का आयोजन किया गया। भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय आह्वान पर पूरे देश भर में प्रदेश, जिला, मंडल व बुथ स्तर सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाईं जाएगी।

- सेवा पखवाड़ा के रूप में मनाया जाएगा प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का जन्मदिवस

इसी तारतम्य में भारतीय जनता पार्टी मंडल पामगढ़ द्वारा कार्यशाला आयोजित किया गया, जिसमें मुख्य वक्ता के रूप में पुष्पेंद्र प्रताप सिंह जिला कोषाध्यक्ष भाजपा उपस्थित रहे। भाजपा जिला उपाध्यक्ष धनंजय सिंह ठाकुर ने अपने उद्बोधन में शुन्य से शिखर तक जनसंघ से लेकर आज की वर्तमान विश्व की सबसे बड़ी पार्टी भारतीय जनता पार्टी के बनने के सफ़र में कार्यकर्ताओं के कठीन संघर्ष को प्रमुखता से उल्लेखित किया। भाजपा मंडल अध्यक्ष यशवंत साहू ने कार्य योजनाओं की जानकारी दी जिसमें 17 सितंबर को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की जन्म दिवस सभी गांव बूथ स्तर पर मनाया जाना, वृक्षारोपण कार्यक्रम, रक्तदान शिविर का आयोजन, तथा 25 सितंबर पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती मनाया जाने हेतु कार्यकर्ताओं को संबोधित किया। मुख्य वक्ता पुष्पेंद्र प्रताप सिंह ने केंद्र की नरेन्द्र मोदी सरकार द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं की विस्तार पूर्वक जानकारी दी। इस अवसर पर प्रमुख रूप से भाजपा मंडल पामगढ़ अध्यक्ष यशवंत साहू, महामंत्री सुधीर तिवारी, महामंत्री मनोहर शास्त्री, पूर्व मंडल अध्यक्ष ब्यास वर्मा, सुभाष पटेल, महावीर पटेल सोनू गांधी, ओम प्रकाश राठौड़, मनोज घोष, रोहणी पटेल, गंगाराम टंडन, फिरत राम कुर्मी, नारायण पाटले, नीमा तिवारी, कलिंद्रि पटेल, सागर ओग्रे, राकेश श्रीवास, मुकेश कश्यप, सुभाष ओग्रे, कवित कश्यप, बलराम कश्यप, चौथराम बघेल, संजय खांडे, महेंद्र श्रीवास, गोलू वर्मा, शैलेश यादव, समरित निर्मलकर, दिलहरण साहू एवं सभी ग्राम के जेष्ठ-श्रेष्ठ कार्यकर्ता गण उपस्थित रहे।

## 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन आयोजित किए जाएंगे सेवा कार्य



बैठक में उपस्थित कार्यकर्ताओं को संबोधित करते मुख्य अतिथि रामअवतार अग्रवाल।

**सक्ती।** भारतीय जनता पार्टी ग्रामीण मंडल सक्ती की सेवा पखवाड़ा बैठक एवं कार्यशाला का आयोजन 12 सितंबर को किया गया। इस बैठक में मुख्य अतिथि एवं प्रमुख वक्ता के रूप में प्रदेश भारतीय जनता पार्टी के पूर्व प्रदेश प्रतिनिधि एवं पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामअवतार अग्रवाल उपस्थित थे। इस दौरान बैठक का शुभारंभ पंडित दीनदयाल उपाध्याय एवं डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी के तेल चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलित कर हुआ।

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व जिला भाजपा उपाध्यक्ष रामावतार अग्रवाल ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन विभिन्न प्रकार के सेवा के काम, रचनात्मक कार्य, जरुरतमंदों की सेवा के लिए कार्य योजना बनाई है। हमें भी अपने-अपने बूथ स्तर पर इन सभी कार्यक्रमों को प्राथमिकता के आधार पर संपादित करना है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने साल 2014 सेलेकर आज तक पूरे देश में जनकल्याण के लिए सैकड़ो योजनाए प्रारंभ की है, एवं देश के विकास के लिए काम किया है, हमें इन सभी बातों जन तक पहुंचना है तथा हमारा एकमात्र लक्ष्य यही हो कि हम अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचे एवं पार्टी की मंशा अनुरूप कार्यों को गति दें। इस दौरान भाजपा सक्ती ग्रामीण मंडल के अध्यक्ष पहलवान दास महंत ने भी उपस्थित मंडल के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ताओं को कहा कि मंडल द्वारा सेवा पखवाड़े के अंतर्गत अलग-अलग कार्यकर्ताओं को जिम्मेदारी दी गई है। वे सभी कार्यकर्ता पूरी निष्ठा के साथ अपने कार्यों को करें तथा प्रतिदिन की रिपोर्टिंग मंडल को जरूर दें, ताकि कार्यक्रमों के संबंध में ऊपर जानकारी दी जा सके। सेवा पखवाड़े कार्यक्रम को लेकर सभी उपस्थित कार्यकर्ताओं ने भी इसे बेहतर ढंग से संपन्न करने का संकल्प लिया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी के संगठन को मजबूत बनाने को लेकर भी चर्चा हुई। बैठक में पूर्व मंडल अध्यक्ष लेखराम जायसवाल, रामानुज साहू सकरेली, रेशमलाल जायसवाल जुड़गा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता जनप्रतिनिधि मौजूद रहे।



प्रशिक्षण में शामिल बिहान की कृषि और पशु सखियों को जानकारी देते मास्टर ट्रेनर।

## महिला किसानों को मधुमक्खी पालन से जोड़ेंगी कृषि व पशु सखियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहेराडीह

ग्रामीण क्षेत्र में बिहान के तहत कार्यरत कृषि सखी व पशु सखी दीदियां महिला किसानों को मधुमक्खी पालन जैसे व्यवसाय से जोड़ेंगी। इसको लेकर उन्हें आरसेटी में प्रशिक्षण दी जा रहीं है।

- ग्रामीण अर्थव्यवस्था व कृषि विकास से जुड़ी व्यवसाय है मधुमक्खी पालन

प्रशिक्षण कार्यक्रम के मास्टर ट्रेनर दीनदयाल यादव ने बताया कि मधुमक्खी पालन एक वैज्ञानिक व व्यवसायिक पद्धति है, जिसमें उनको छत्तो में संगठित रूप से पाला जाता है। ताकि उनसे शहद, मोम परागकण, रॉयल जेली जैसी उत्पादक वस्तुएं प्राप्त की जा सके। यह क़ृषि व ग्रामीण आजीविका से जुड़ा एक महत्वपूर्ण उद्यम है। प्रशिक्षण में मधुमक्खी पालन का महत्व के बारे में बताया कि यह प्राकृतिक मिठास और औषधि गुणों से भरपूर होती है। फसलों की उपज, गुणवत्ता बढ़ाने में मदद करता है। इसकी मोम से मोमबत्ती, प्रसाधन सामग्री, दवाई और उद्योगो में उपयोगी माना जाता है। भारत में पाई जाने वाली मधुमखियों के प्रजाति एपिस डोरसा, एपिस सेराना इण्डिका एपिस मेलीफेरा और ट्रिगोना के बारे में जानकारी दी।मधुमक्खी पालन एक लाभकारी क़ृषि आधारित व्यवसाय है, जो किसानों को अतिरिक्त आय प्रदान करने के साथ साथ क़ृषि उत्पादकता भी बढ़ाता है। ट्रेनर दीनदयाल यादव ने मधुमक्खी के प्रकार, जीवन चक्र व कार्यशैली के बताया कि एक मधुमक्खी समाज में मुख्य रूप से तीन प्रकार की मधुमक्खी पाई जाती है। जिसमें रानी मधुमक्खी कालोनी की एकमात्र प्रजनन करने वाली सदस्य होती है, जो अंडे देने का कार्य करतीं है। यह दिनभर में करीब दो हजार अंडे दें सकती है। इनका जीवनकाल लगभग दो वर्ष होता है। जबकि नर मधुमक्खी आकार में बड़ी लेकिन डंक रहित होती है। वहीं मजदूर मधुमक्खी संख्या में सर्वाधिक और भोजन संग्रह, छत्ता बनाने, रानी व लार्वा की देखभाल, शहद, मोम उत्पादन और सुरक्षा आदि सभी तरह की कार्य करतीं है। इनका जीवनकाल करीब छः सप्ताह तक होती है। प्रशिक्षण में मधुमक्खी के जीवन चक्र के बारे में बताया कि रानी सोलह दिन में विकसित हो जाती है और मजदूर मधुमक्खी इक्कीस दिन व नर मधुमक्खी लगभग चौबीस दिन में विकसित हो जाती है। स्थानीय और सक्ती जिले के बिहान की क़ृषि सखी और पशु सखियों को संस्थान के निदेशक लक्ष्मीनारायण सिंकू के मार्गदर्शन पर फेकेल्टी अरुण पाण्डेय, किशन रजक, योगेश यादव के सहयोग से प्रोजेक्टर के माध्यम से मधुमक्खी पालन की सम्पूर्ण जानकारी दी गई।

# भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देकर आम आदमी की जिंदगी को आसान बना रही आप पार्टी :अहलावत

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

आम आदमी पार्टी के बिलासपुर जोन के कार्यकर्ताओं का सम्मेलन योगेश सिंह बैस स्मृति भवन में पार्टी के प्रदेश सहप्रभारी एवं विधायक दिल्ली मुकेश अहलावत, प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू के उपस्थिति में किया गया।

**खास बात**

- योगेश सिंह स्मृति भवन में आम आदमी पार्टी का कार्यकर्ता सम्मेलन आयोजित




सम्मेलन में उपस्थित लोगों को संबोधित करते अतिथि।

प्रेसवार्ता के दौरान प्रदेश सहप्रभारी मुकेश अहलावत ने कहा कि छत्तीसगढ़ प्रदेश की राजनीति में आम आदमी पार्टी एक ईमानदार विकल्प बनकर जनता के दिलों में घर कर चुकी है। आम आदमी पार्टी देश के आम आदमी की बुनियादी और मूलभूत जरूरतों के आधार जैसे स्कूल, अस्पताल, बिजली, पानी, युवाओं को रोजगार, बुजुर्गो और महिलाओं को सम्मान और भ्रष्टाचार मुक्त व्यवस्था देकर आम आदमी की जिंदगी को आसान बनाती है। यह दिल्ली और पंजाब में आम आदमी पार्टी की सरकार ने कर दिखाया है छत्तीसगढ़ प्रदेश के सभी जोन के आप कार्यकर्ताओं में सरकार बनाने को लेकर बेहद जुझारू और तन मन धन से संगठन विस्तार को लेकर कार्य कर रहे है हम फिलहाल 90 विधानसभा में 90 आब्जर्वर नियुक्त करने जा रहे हैं जिनकी देखरेख और निगरानी में हर विधानसभा के बूथ और ग्राम समिति का गठन 6 माह के भीतर किया जाएगा। प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू ने बताया कि आम आदमी पार्टी आगामी चुनाव में कांग्रेस और बीजेपी के गठबंधन को जनता के सामने बेनकाब करेगी किस तरह दोनों पार्टियों बारी बारी जो छत्तीसगढ़ के संसाधन का दुरुपयोग कर छत्तीसगढ़ को लूटकर कंगाल बनाने में लगी है। दोनों पार्टियों ने स्कूल, अस्पताल जैसी सरकारी कार्यालय की व्यवस्था में भ्रष्टाचार से बर्बाद किया है। प्रदेश के किसानों को आज भी भारी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। युवाओं में आज भी रोजी रोटी का संकट से पलायन बढ़ा है। कांग्रेस और मौजूदा बीजेपी सरकार जल जंगल और जमीन मनमाने तरीके से बेच बेचकर उद्योपति के हाथ की कठपुतली बन गई है। प्रदेश उपाध्यक्ष अभिषेक मिश्रा ने बिलासपुर जांजगीर जोन से लगातार बढ़ते भारी संख्या में लोगों को आम आदमी पार्टी की सदस्यता प्रदेश सहप्रभारी से दिलाई। कार्यक्रम का संचालन प्रदेश उपाध्यक्षा प्रियंका शुक्लाएवं आभार प्रदर्शन श्रीमती मिथिलेश बघेल प्रदेश महिला विंग अध्यक्षा ने किया। कार्यक्रम में रामगोपाल ग़ौराहा, डॉ चैतरामदेव खटकर, प्रफुल्ल बैस, डी डी सिंह और विजय मौर्य को साल और श्रीफल देकर अतुल्यनीय योगदान के लिए सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मंत्री अरुण नायर, प्रदेश सचिव वदूद आलम, उपाध्यक्ष देवलाल नरेटी, उत्तम जायसवाल, भानु चंद्रा, परमेश्वर प्रसाद सांडे, राजेश पुरी गोस्वामी लोकसभा सचिव, जिलाध्यक्ष डॉ हेमंत कश्यप जिला सचिव विनय गुप्ता, राहुल राय, डॉ रामराज कुर्रे रामकृष्ण कश्यप और सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

# सफलता पाने अनुशासन, परिश्रम व दृढ़ संकल्प जरुरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़



कार्यक्रम में उपस्थित अतिथि, कॉलेज स्टाफ एवं छात्र-छात्राएं।

छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के रजत जयंती वर्षगांठ के अवसर पर 11 सितंबर को पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय नवागढ़ के तत्वावधान में एलुमनी मीटिंग – भूतपूर्व छात्र-छात्राओं का सम्मान समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ महाविद्यालय के संचालक डॉ. विनोद अग्रवाल एवं प्राचार्य डॉ. राजेश शर्मा द्वारा मां सरस्वती के तैलचित्र पर पुष्प एवं श्रीफल अर्पित कर किया गया।

- पं. जवाहरलाल नेहरू महाविद्यालय में पूर्व छात्र-छात्रा सम्मान समारोह आयोजित

इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. विनोद बंसल एवं मुख्य अतिथि नवागढ़ ब्लॉक के वरिष्ठ अधिकारी सहायक खंड शिक्षा अधिकारी विशेष रूप से उपस्थित रहे। श्री जायसवाल ने अपने संबोधन में छात्रों को प्रेरित करते हुए कहा कि देश के विकास की सबसे मजबूत नींव शिक्षक होते हैं। उन्होंने जीवन में सफलता प्राप्त करने हेतु अनुशासन, परिश्रम और दृढ़ संकल्प को आवश्यक बताया। संचालक डॉ. बंसल ने पूर्व छात्रों से आह्वान किया कि वे महाविद्यालय के प्रति अपने प्रेम एवं स्नेह को सदैव बनाए रखें तथा कैरियर संबंधित समस्याओं के समाधान हेतु महाविद्यालय से निरंतर जुड़े रहें। कार्यक्रम में अध्यापकगणों द्वारा भूतपूर्व छात्रों की यादों को पीपीटी प्रस्तुति के माध्यम से साझा किया गया। साथ ही उपस्थित पूर्व छात्रों को उनके जीवन की सफलता के अनुभवों को मंच पर व्यक्त करने का अवसर दिया गया। उन्हें महाविद्यालय की ओर से प्रमाण पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। मनोरंजन के लिए खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। कार्यक्रम में श्रीमती प्रीति देवांगन, सुश्री मालती बंजारे, सुश्री यशोदा शांते, श्रीमती लक्ष्मीन सहित छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

**न्यायालय तहसीलदार जैजैपुर**
**जिला सक्ती (छ.ग.)**
**ईश्तहार (पेपर प्रकाशन)**

रा.प्र.क्र. 202412310800055/
ब-121/2024-25
साकिन दतौद

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता है कि आवेदक/ आवेदिका गोपाल राम चन्द्रा पिता जगतराम चन्द्रा साकिन दतौद तहसील जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.) ने अपने माता की मृत्यु दिनांक 24.01.2018 के लिए मृत्यु प्रमाण पत्र हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अत: इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो इस न्यायालय की पेशी दिनांक 25.09.2025 के पूर्व अपनी दावा/ आपत्ति स्वयं अथवा किसी अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकते है, निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 10.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के सील मोहर लगाकर जारी किया गया।

**तहसीलदार**
**जैजैपुर, जिला सक्ती (छ.ग.)**

**न्यायालय श्रीमान कार्यपालिक दण्डाधिकारी तहसीलदार शिवरीनारायण, जिला जांजगीर चाम्पा (छ.ग.)**
**ईश्तहार**

आम जनता को सुचित किया जाता है कि आवेदक रविकुमार सूर्यवंशी पिता रामचरण ग्राम खिसोरा के द्वारा ग्राम खिसोरा में अपने माता कलिंद्री पिता मनोहर के जन्म दिनांक 01/01/1969 को हो जाने पर जन्म प्रमाण पत्र हेतु आदेश जारी किये जाने हेतु आवेदन पत्र इस न्यायालय में पेश किया गया है।

अतः प्रस्तुत आवेदन पत्र पर किसी को कोई आपत्ति हो तो अपना आपत्ति दिनांक 22/9/25 तक इस न्यायालय में पेश कर सकते है। बाद में प्राप्त आपत्तियो पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 8/9/25 को मेरे हस्ताक्षर एवं इस न्यायालय के सील मुहर द्वारा जारी किया गया।

**कार्यपालिक दण्डाधिकारी**
**शिवरीनारायण**

TOP IN JANJGIR

जिले में 55 बिस्तरों का
राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति, कोरबा जिले तथा बिलासपुर संभाग के प्रथम एवं एकमात्र बाल्य गहन चिकित्सा विशेषज्ञ
शिशु एवं बाल्यरोग विभाग
- 0-17 वर्ष तक के बच्चों का आयुष्मान भारत योजना तथा अन्य बीमा कम्पनियो के तहत निःशुल्क इलाज की सुविधा।
- बच्चों से सम्बन्धी सभी सामान्य एवं गंभीर बिमारियों का इलाज, एवं उनका ऑपरेशन
- बच्चों के सभी इमरजेंसी सुविधाएँ जैसे :- आकस्मिक दुर्घटना, जहर खुरानी, सर की चोंट, बिच्छू एवं सर्पदंश, हृदयघात, छाती में भारीपन, गंभीर संक्रमण(इन्फेक्शन), साँस का फूलना, डेंगू, झटके आना , नवजात का गन्दा पानी पी लेना, मलेरिया, इत्यादि।
डॉ. दिलीप जैन
M.B.B.S, D.N.B, I.D.P.C.C.M
बाल्य गहन एवं क्रिटिकल केयर स्पेशलिस्ट
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
जांजगीर-चाँपा, शक्ति तथा कोरबा जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजी (मूत्र एवं किडनी रोग) विशेषज्ञ
जिले के प्रथम एवं एकमात्र यूरोलॉजिस्ट
यूरोलॉजी विभाग(मूत्र एवं किडनी रोग)
- किडनी, मूत्रनली एवं पेशाब के थैली में पथरी(PCNL, URSL, SPCL, PCCL, RIRS)
- गुर्दा एवं पेशाब की थैली का कैंसर, प्रोस्टेट का बढ़ जाना(TURP),
- पेशाब का बार बार आना व कन्ट्रोल न होना,
- पेशाब में खून व मवाद आना व जलन होना, पेशाब में रूकावट व जलन,
- महिलांओं में खांसने व छींकने से पेशाब लिक होना,
- किडनी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, पेशाब की नली में सिकुड़न व पतली धार होना,
- पुरुष नपुंसकता व बाँझपन, ए.वी.फिस्टुला ऑपरेशन (डायलिसिस हेतु)
- अत्याधुनिक दूरबीन, लेज़र से पथरी व प्रोस्टेट का ऑपरेशन (बिना चिर फाड़ के)
- कैंसर (गुर्दा, प्रोस्टेट, पेशाब की थैली व टेस्टिस के कैंसर का ऑपरेशन,
दूरबीन पद्धति से मूत्ररोग के सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
डॉ. प्रदीप जैन
MBBS, MS, MCh, DrNB
Urology Mumbai
Urologist, Andrologist & Renal Transplant Surgeon

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
नेत्र रोग विभाग
- आधुनिक कम्प्यूटरों द्वारा आँखों की जाँच
- बिना इंजेक्शन, बिना टाँके, अत्याधुनिक मोतियाबिंद ऑपरेशन
- मरीज के लिए लेंस प्रत्यारोपण की सुविधा
- आँखों के मांस / जाली का ऑपरेशन
- डायबिटिज मरीजों के रेटिना की जाँच की सुविधा
- नासूर का ऑपरेशन, नकली आँख लगाने की सुविधा
- कांच बिंदु का ईलाज एवं ऑपरेशन
- चश्मे की जांच, काले मोतिया की जांच
- आँखों में लालीपन, जलन एवं पुतली के रोगों की जांच
डॉ. संजीता जैन
MBBS, MS, FPRS
OPHTHALMOLOGIST
PHACO & LASIK SPECIALIST
नेत्र रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
दन्त रोग विभाग
जिले की प्रथम एवं एकमात्र ऑर्थोडॉन्टिस्ट
- दाँतों की नसों का ईलाज(Root Canal Treatment- RCT), दर्द रहित दांत निकालना,
- टेढ़े-मेढ़े व बाहर निकले दाँतों एवं जबड़ों का ईलाज(BRACES),
- हड्डी में फिक्स होने वाली बत्तीसी(IMPLANT), एवं निकालने-लगाने वाली बत्तीसी(DENTURES)
- आधुनिक मशीनों द्वारा दाँतों की सफाई, एवं कृत्रिम दाँत लगाना, लेज़र द्वारा दाँतों में मसाला भरना,
- मुँह न खुलने व कम खुलने का ईलाज, मुँह के छालों का ईलाज(OSMF)
- दाँतों का एक्स-रे, दाँतों की ब्लीचिंग एवं व्हाइटनिंग
- बड़ो एवं बच्चों के दांतों से सम्बंधित सभी प्रकार के समस्याओं का इलाज
डॉ. सुमिता जैन
B.D.S, M.D.S- Orthodontics & Dentofacial Orthopedics (GOLD MEDALIST), M.P.H
दन्त एवं मुख रोग विशेषज्ञ

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
हड्डी रोग एवं ट्रॉमा विभाग
- एक्सीडेंटल व ट्रॉमा का ईलाज , घुटने और कुल्हे की सर्जरी व प्रत्यारोपण
- हड्डी टूटने की सर्जरी , पैर और पैर की उँगलियों की सर्जरी
- सत्य विधि से स्कोलियोसिस का सर्जरी
- शोल्डर और बाजू की सर्जरी
- कमर दर्द , साइटिका एवं अर्थराइटिस का ईलाज
- गठिया, हड्डी रोग का सम्पूर्ण ईलाज, बच्चों के समस्त हड्डी रोग का ईलाज
- हड्डियों से सम्बंधित सभी ऑपरेशन एवं जटिल ऑपरेशन का ईलाज आयुष्मान भारत योजना के तहत निःशुल्क
मॉडुलर ऑपरेशन थियेटर,सर्जिकल आई.सी.यू., आई.सी.यू., मेल-फीमेल वार्ड, वातानुकूलित प्राइवेट एवं सेमी प्राइवेट रूम आदि.
सोनोग्राफी, एक्स-रे, सी-आर्म, पैथोलेब, फार्मेसी, ई.सी.जी. ई.ई.जी. इस्पाइरोमेट्री एम्बुलेंस सुविधाएँ.
आयुष्मान भारत योजना सी.एस.ई.बी. कर्मचारियों व अन्य इंश्योरेंस कंपनियों से कैशलेस सुविधा उपलब्ध
15 किलोमीटर तक एम्बुलेंस सुविधा मुफ्त भर्ती मरीज हेतु

राजकेसर मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल
स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग
- लेप्रोस्कोपी विधि द्वारा बच्चेदानी का ऑपरेशन, 24 घंटे नॉर्मल डिलीवरी और सीज़ेरियन डिलीवरी
- बार बार गर्भपात होने का ईलाज, बच्चेदानी की बंद ट्यूब को खोलना
- बच्चेदानी की सफाई, मासिक सम्बन्धी बिमारियों का ईलाज
- नसबंदी, यूरिनरी समस्याएं , अनियंत्रित रक्त स्त्राव, असामान्य तौर पर अचानक से रक्त का बहाव बढ़ जाना
- बहुत ज्यादा पसीना आना, स्तन में गठान, गर्भावस्था की सम्पूर्ण जाँच
- परिवार नियोजन सम्बन्धी सुविधाएँ, PCOD का ईलाज, सफ़ेद पानी (ल्यूकोरिया ) का ईलाज
- बच्चेदानी थैली, ओवरी के कैंसर व गठान का ईलाज
- निःसंतान दम्पतियों का परामर्श एवं इलाज , महिलाओं से सम्बंधित सभी बिमारियों का ईलाज एवं ऑपरेशन
जनरल सर्जरी विभाग
- पेट से सम्बंधित सारी बिमारियों का इलाज, अपेंडिक्स, गैलब्लैडर ऑपरेशन, हाइड्रोसील, बवासीर(पाईल्स),
- फिस्टुला, फिसर, आंतो की रुकावट, हार्निया ऑपरेशन, आंत-गुदा सम्बंधी ऑपरेशन,
- आंतों का फटना, वसैक्टमी, पुरुष एवं महिला नसबंदी, हेमोरोइड सर्जरी, थायरॉइड सर्जरी,
- सर्कम सीज़र (खतना), ब्रेस्ट(स्तन) कैंसर, पेट एवं मुँह के कैंसर रोग सर्जरी, पित्त की थैली(गॉलब्लेडर) की पथरी का ऑपरेशन, बड़ो एवं बच्चों के समस्त ऑपरेशन
पोस्ट ऑफिस के सामने, अकलतरा रोड, बलौदा, जिला- जांजगीर चाम्पा (छ.ग.) पंजीयन हेतु न. 07817-296002, 8226056005, इमरजेंसी-7999640661



# जो लोग पहले आलोचना करते थे, वही तारीफ करते हैं

**मुंबई।** कई कश्मीरी कलाकारों ने बॉलीवुड में नाम कमाया है। नया नाम मसरत उन निसा का जुड़ गया है। उन्होंने हाल ही में ओटीटी पर रिलीज हुई फिल्म 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में अपने गानों से लोगों का दिल जीता। यह फिल्म सिंगर राज बेगम की जिंदगी पर आधारित है। वह कश्मीरी गायिका थीं। 'सांग्स ऑफ पैराडाइज' में मसरत के परफॉर्मेंस की कामयाबी के बाद उन्हें लगता है कि उनके खिलाफ अब आलोचनाएं कम हो गई हैं। उन्होंने कहा 'अब आलोचकों की प्रतिक्रिया बहुत अच्छी है। अब वह कुछ नहीं कहते हैं। अब वह मेरी तारीफ करते हैं। वह कहते हैं कि मैंने सही पेशा चुना है।

लाइफ Style



# सामंथा

## पहले एक साल में करती थीं पांच फिल्में

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अभिनेत्री सामंथा रुथ प्रभु किसी न किसी वजह से अक्सर सुर्खियों में रहती हैं। चाहे वह उनकी अदाकारी हो, रोजमर्रा की आदतें हों या फिर अपने कथित ब्वॉयफ्रेंड्स को लेकर। हाल ही में उन्होंने मायोसिटिस नामक बीमारी के बारे में बताया था।

वह एक ऐसी बीमारी से जूझ रही हैं जो उनके इम्यून सिस्टम को प्रभावित कर रही है। इसमें आपके मसल्स बुरी तरह प्रभावित होते हैं। हालांकि सामंथा ने कहा कि वह पहले से कहीं ज्यादा मजबूत हो गई हैं और अब जिंदगी और काम के प्रति उनका नजरिया बिल्कुल नया है। सामंथा ने बताया कि कैसे उन्होंने खुद को अपने पुराने रूप से अलग कर लिया है, एक ऐसा रूप जो ज़्यादा से ज़्यादा काम करने के बारे में चिंतित रहता था। उन्होंने कहा, मेरे पुराने रूप में शायद मैं साल में पांच फिल्में करती थी, क्योंकि यही एक सफल अभिनेता की पहचान थी... आपकी पांच फिल्में, एक बड़ी ब्लॉकबस्टर, और आपको टॉप 10 अभिनेत्रियों में शामिल होना है। बस इतना ही जरूरी था। कुछ बड़े मल्टीनेशनल ब्रांड्स का विज्ञापन करने के लिए यह जरूरी था। आज, दो साल से मेरी कोई फिल्म रिलीज नहीं हुई है और मैं किसी भी लिस्ट में नहीं हूं। मेरे पास 1000 करोड़ की कोई फिल्म नहीं है, लेकिन मैं अब तक की सबसे खुश हूं। सामंथा ने यह भी बताया कि कॅरियर के शुरुआती दिनों में उनके ऊपर काफी दबाव था और इसके वजह से उनका मानसिक स्वास्थ्य प्रभावित हो रहा था। उन्हें लगता था कि उनके हाथ से रोल छिन जाएंगे। उन्होंने स्वीकार किया, मैं बहुत कमज़ोर थी।

हॉलीवुड मसाला



# नीना दोब्रेव ने तोड़ी सगाई

**लॉस एंजिल्स।** टीवी शो वैंपायर डायरीज में एलना का रोल निभाने वाली एक्ट्रेस नीना दोब्रेव की सगाई टूटने की चर्चा है। नीना दोब्रेव ने साल 2024 में एक मशहूर स्नोबोर्डर शॉन व्हाइट से सगाई की थी। इससे पहले दोनों पांच साल तक रिलेशन में भी रहे। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार और नीना दोब्रेव और शॉन व्हाइट की राहें अब जुदा हो चुकी हैं। एक्ट्रेस से जुड़े एक करीब सूत्र का कहना है कि यह फैसला दोनों ने आपसी सहमति से लिया है।



## मेंगलोंग ने माई शो, माई स्टाइल से की कॅरियर की शुरुआत

**नई दिल्ली।** चीनी एक्टर, सिंगर और म्यूजिक वीडियो डायरेक्टर एलन यू मेंगलोंग का गुरुवार (11 सितंबर) को एक इमारत से गिरकर निधन हो गया। वह 37 वर्ष के थे। जिनका जन्म 15 जून 1988 को हुआ था। उन्होंने अपने कॅरियर की शुरुआत 2007 में टैलेंट रियलिटी शो 'माई शो, माई स्टाइल' से की थी। इसके बाद उन्होंने साल 2011 में शॉर्ट फिल्म 'द लिटिल प्रिंस' से एक्टिंग कॅरियर की शुरुआत की। जिसके बाद उन्होंने बतौर एक्टर वेब ड्रामा 'गो प्रिंसेस गो' में अपनी भूमिका से उन्हें लोकप्रियता मिली, जो एक सांस्कृतिक घटना बन गई। बाद में यू हिट फंतासी रोमांस इटरनल लव में दिखाई दिए, जहां उन्होंने बाई कियान के भाई का रोल निभाया। उन्होंने द मून ब्राइटन्स फॉर यू में लिन फैंग जैसे बेहतरीन रोल के साथ अपने कॅरियर को आगे बढ़ाया।



# 10 साल बाद पर्दे पर लौटीं गीता बसरा

**नई दिल्ली।** अभिनेत्री गीता बसरा ने करीब एक दशक के लंबे अंतराल के बाद, पंजाबी फिल्म मेहर से दमदार वापसी की। राकेश मेहता ने इस फिल्म को डायरेक्ट किया है। यह फिल्म 5 सितंबर को रिलीज हो चुकी है। एक बातचीत में गीता बसरा ने कहा सेट पर होना मेरा सपना है, और मैं खुद को खुशकिस्मत मानती हूं कि मुझे एक और मौका मिला। यहां आकर मुझे बहुत खुशी मिलती है। पंद्रह साल पहले, शादी के बाद महिलाओं के लिए वापसी करना मुश्किल था, लेकिन अब समय बदल गया है। पीढ़ी बदल गई है, और अब यह कोई मायने नहीं रखता। गीता ने अपने पति और क्रिकेटर हरभजन सिंह के साथ एक मैगजीन के कवर पेज पर आने के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, बड़ी हस्तियों के साथ शामिल होना वाकई गर्व की बात है।



# आमिर ने बायोपिक के लिए बढ़ाया वजन

**मुंबई।** आमिर खान एक बार फिर अपने लुक को लेकर सुर्खियों में हैं। आमिर का दरअसल, एक वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें दिख रहा है कि उनका थोड़ा वजन बढ़ गया है। वहीं, जब वह लास्ट फिल्म सितारे जमीन पर नजर आए थे, तब वह बिल्कुल फिट थे। अब आमिर के लेटेस्ट लुक के वायरल होने के बाद लोग अनुमान लगा रहे हैं कि कहीं ये उनकी अपकमिंग फिल्म दादासाहेब फाल्के की बायोपिक का लुक तो नहीं। दादासाहेब फाल्के की बायोपिक के लिए आमिर और राजकुमार हिरानी एक बार फिर कोलैब्रेट करेंगे। आमिर की टीम ने स्टेटमेंट रिलीज कर कहा था कि ये काफी सरप्राइजिंग है कि हिंदी सिनेमा में किसी ने अभी तक सिनेमा की स्टोरी नहीं बताई है। वीएफएक्स स्टूडियो जो एलए से है उन्होंने पहले ही एआई डिजाइन्स बना दिए हैं।

टीवी मसाला



# हर महिला की कहानी है संपूर्णा सामाजिक मुद्दों पर डालता है रोशनी

**नई दिल्ली।** स्टार प्लस का नया शो संपूर्णा देखने के बाद लगता है कि अब सच में एंटरटेनमेंट और सामाजिक मुद्दों का बेहतरीन मेल देखने को मिल रहा है। ऐसा शो टीवी पर मौजूद है, यह विश्वास करना एक पल के लिए मुश्किल है। कहानी सिर्फ ड्रामा नहीं, बल्कि महिलाओं के जीवन और समाज की असलियत को बेबाक अंदाज में सामने लाती है। इस शो में संदीप्ता सेन (मित्ती), अहम शर्मा (आकाश) और विशाल आदित्य सिंह (सत्तू) की भूमिका में नजर आ रहे हैं।शो की कहानी आज के समय के लिए बेहद रिलेट करने वाली है। इसमें मित्ती और नैना जैसे किरदारों के जरिए संघर्ष, पारिवारिक रिश्तों और समाज की चुनौतियों को दिखाया गया है। इसे देखकर साफ तौर पर लगता है कि यह शो टीवी कंटेंट को एक नए और फ्रेश तरीके से पेश कर रहा है। सिर्फ कहानी ही नहीं, बल्कि पेश करने के तरीके इसे बाकी शोज से अलग बनाती है। समाज के कई छिपे हुए पहलुओं और महिलाओं की जिंदगी की असल मुश्किलों को दिखाते हुए यह शो टीवी की दुनिया में एक अलग मुकाम बना रहा है। कहना होगा कि शो के मजबूत संदेश ने इसे बेहद प्रभावशाली बना दिया है।

## बिग बॉस से नतालिया को कर दिया बाहर

**नई दिल्ली।** बिग बॉस 19 को लेकर इस वक्त दर्शकों के बीच काफी एक्साइटमेंट बनी हुई है। कंटेस्टेंट के बीच टास्क को लेकर जमकर घमासान बना हुआ है। इस शो लेकर लगातार नई अपडेट सामने आ रही है। इसी बीच अब 'बिग बॉस 19' को लेकर एक बड़ी खबर सामने आ रही है। नतालिया जानोसजेक को घर से बाहर कर दिया गया। नतालिया सलमान खान के शो से बाहर होने वाली पहली कंटेस्टेंट हैं। शो में नतालिया और मृदुल तिवारी के बीच की कैमेस्ट्री दर्शकों को काफी पसंद आ रही थी। ऐसे में अब सोशल मीडिया पर यूजर्स नतालिया के बाहर जाने को लेकर रिएक्ट कर रहे हैं। बिग बॉस 19 के तीसरे हफ्ते घर के चार लोगों पर नॉमिनेशन की तलवार लटकी हुई थी। नतालिया जानोसजेक के साथ-साथ मृदुल तिवारी, आवेज दरबार और नगमा मिराजकर को घर से बेघर होने के लिए नॉमिनेट किया गया था।



# हिंदी सिनेमा की वो हसीना, जो नेपाल प्लेन हाईजैक का हुई थी शिकार

**नई दिल्ली।** नेपाल में तख्तापलट इस वक्त पूरी दुनिया में चर्चा में है। इस बीच सबसे ज्यादा नाम सुशीला कार्की का चर्चित हो रहा है। सुशीला का नाम उस वक्त सामने आया है, जब नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री केपी ओली गायब है। सुशीला 11 जुलाई 2016 को नेपाल की पहली मुख्य न्यायाधीश बनी थीं और अपने कार्यकाल के एक साल में ही कई अहम फैसले सुनाए थे। अपने फैसलों से वह देशभर में छा गई थीं, लेकिन आपको जानकर हैरानी होगी कि सुशीला उस शख्स की पत्नी हैं, जो 1973 में हुए प्लेन हाईजैक में शामिल थे और इस प्लेन में हिंदी सिनेमा की खूबसूरत एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। नेपाल में 1973 में रॉयल नेपाल एयरलाइंस का विमान बिराटनगर से काठमांडू जा रहा था, लेकिन मंजिल पर पहुंचने से पहले ही विमान हाईजैक हो गया। प्लेन हाईजैक के पीछे कोई आतंकी संगठन नहीं, बल्कि सुशीला कार्की के पति दुर्गा प्रसाद सुबेदी थे। इस प्लेन में 19 यात्री सवार थे, जिसमें एक्ट्रेस माला सिन्हा भी थी। इस हाईजैकिंग से भारत में भी सनसनी फैल गई थी।



### *क्या है माला सिन्हा का नेपाल कनेक्शन?*

*इस विमान को बिहार के फोर्बेस्गंज में लैंड किया गया और फिर इन पैसों को कार में रखकर दार्जिलिंग ले जाया गया। इस मामले में सुबेदी और कई अपहरणकर्ताओं को पुलिस ने गिरफ्तार किया और 1975 में लगी इमरजेंसी के दौरान रिहा कर दिया गया था। बात करें माला सिन्हा की तो आज वह 88 साल की है। उनके पति चिदंबर प्रसाद लोहानी एक नेपाली एक्टर थे। रिपोर्ट्स की मानें तो माला सिन्हा और चिदंबर ने फिल्म मैतीघर में साथ में काम किया और इसी दौरान के बीच नजदीकियां बढ़ने लगी थीं। चिदंबर का निधन 2024 में 86 साल की उम्र में काठमांडू में हुआ था।*

# अक्टूबर में थिएटर में धमाल मचाएंगी ये 5 फिल्में, दिवाली पर होगा बड़ा धमाका

**नई दिल्ली।** अक्टूबर का महीना सिनेमा प्रेमियों के लिए खास होने वाला है। इस बार थिएटर्स में एक या दो नहीं, बल्कि 5 शानदार फिल्में रिलीज होने जा रही हैं। खासकर दिवाली के मौके पर वरुण धवन से लेकर आयुष्मान खुराना तक की फिल्में दर्शकों का मनोरंजन करेंगी।

**सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी**
वरुण धवन और जाह्नवी कपूर की जोड़ी एक बार फिर बड़े पर्दे पर धमाल मचाने को तैयार है। फिल्म 'सनी संस्कारी की तुलसी कुमारी' में सान्या मल्होत्रा और रोहित सराफ भी अहम किरदारों में हैं। फिल्म का गाना 'बिजुरिया' पहले ही हिट हो चुका है और फैंस में उत्साह बढ़ा रहा है। यह फिल्म 2 अक्टूबर को रिलीज होगी।

**एक दीवाने की दीवानियत**
हर्षवर्धन राणे और सोनम बाजवा की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' पुरानी यादों और आधुनिक




रोमांस की कहानी को दिखाएगी। मिलाप जावेरी के निर्देशन में बनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म के गाने पहले ही दर्शकों के दिलों में खास जगह बना चुके हैं

**थामा:** मैडॉक फिल्म्स की हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की एक और बहुप्रतीक्षित फिल्म है थामा। थामा में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाजुद्दीन सिद्दीकी जैसे सितारे नजर आएंगे। यह फिल्म 21 अक्टूबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

**द ताज स्टोरी:** परेश रावल की सामाजिक ड्रामा फिल्म द ताज स्टोरी तुषार अमरीश गोयल ने लिखी और निर्देशित की है। द ताज स्टोरी में जाकिर हुसैन, अमृता खानविलकर, स्नेहा वाघ और नमित दास जैसे कलाकार भी हैं। यह फिल्म 31 अक्टूबर 2025 को रिलीज होगी।

**वन टू चा चा चा:** वन टू चा चा चा एक मजेदार कॉमेडी फिल्म है। इस फिल्म में आशुतोष राणा, अनंत वी जोशी, अभिमन्यु सिंह, मुकेश तिवारी, न्यारा बनर्जी और राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता हर्ष मायर जैसे सितारे हैं। अभिषेक राज और रजनीश ठाकुर के निर्देशन में बनी यह फिल्म 31 अक्टूबर को रिलीज होगी और त्योहारों के मौसम में परिवार व दोस्तों के साथ देखने के लिए बिल्कुल सही है।

## 90 के दशक के कई गानों को रखा जाता है सदाबहार गानों की श्रेणी में

# कभी आवाज से जीता था लोगों का दिल, अब गुमनामी में जी रहे हैं ये सिंगर्स

90 के दशक के गाने लगभग हर कोई पसंद करता है। इस दौर के कई गानों को सदाबहार गानों की श्रेणी में रखा जाता है। उस दौर में कई बेहतरीन बॉलीवुड गायकों ने इन शानदार गानों को गाया था। 90 के दौर में बेहतरीन गानों को आवाज देने वाले कई गायक इस दौर में गुमनामी की जिंदगी गुजार रहे हैं।



### मिनमिनी

फिल्म 'रोजा' के गाने 'दिल है छोटा सा, छोटी सी आशा...' गाने को आवाज देने वाली मिनमिनी का शुरुआती सफर अच्छा रहा। बताया जाता है कि लंदन में एक कॉन्सर्ट के दौरान उनकी आवाज खो गई। इलाज के बाद उन्होंने साउथ की फिल्मों में गाने गाए। इन दिनों वह अपने पिता के साथ केरल में एक म्यूजिक इंस्टीट्यूट चलाती हैं।



### बेला सुलाखे

बॉलीवुड की फिल्म इम्तिहान के लिए 'चाहा तो बहुत...' गाना गाने वाली गायिका बेला सुलाखे भी 90 की दशक की बेहतरीन गायिका थीं। उन्होंने विजेता और एक ही रास्ता जैसी फिल्मों के लिए गाने गाए। आज यह गायिका कहां हैं, इसके बारे में कोई जानकारी नहीं है।



### अनुराधा पौडवाल

अनुराधा पौडवाल ने फिल्म 'आशिकी' के गाने गए। इस फिल्म के ज्यादातर गाने हिट रहे। अनुराधा हिंदी की सबसे अच्छी गायिकाओं में से एक हैं। इन दिनों वह कम ही नजर आती हैं। वह हिंदी या बॉलीवुड के गाने भी नहीं गातीं। कई मौकों पर वह भजन गाती हुई नजर आती हैं।



### अनुपमा देशपांडे

अनुपमा देशपांडे 90 के दशक में गायकी में एक बड़ा नाम थीं। उन्होंने 'तुम मेरे हो...' और 'लगी आज सावन की फिर वो...' जैसे गाने गाए। इन्होंने अपने करियर में 124 गाने गाए। यही नहीं इन्हें गाने के लिए फिल्मफेयर अवॉर्ड भी दिया गया। एक समय के बाद वह गुमनामी में खो गईं।



### सारिका कपूर

हम खुश हुए..., तेरे मेरे प्यार का...'और जिंदगी को बिना प्यार... जैसे गानों को अवाज देने वाली सारिका कपूर बहुत मशहूर थीं। उन्होंने फिल्म 'ये दिल आशिकाना' में गाना गाकर बॉलीवुड में अपनी खास पहचान बनाई। इन्होंने नदीम-श्रवण के साथ भी कई गाने गाए। इन दिनों वह कहां हैं और क्या करती हैं, इसके बारे में किसी को नहीं पता।



### बाबला मेहता

ऋषि कपूर और श्रीदेवी की ब्लॉकबस्टर फिल्म चांदनी में सुरों की कोकिला लता मंगेशकर संग मिलकर मितवा गीत से बतौर गायक बॉलीवुड में डेब्यू करने वाले बाबला मेहता 90s के टॉप सिंगर्स की फेहरिस्त में शामिल हुआ करता थे। उन्हें लीजेंडरी सिंगर मुकेश की आवाज माना जाता था। बतौर गायक बाबला ने दिल है की मानता नहीं, चांदनी और सड़क जैसी कई मूवीज के गानों का गाया था। बता दें हाल ही में उनका निधन हुआ है।



### विपिन सचदेवा

एस.पी. बालासुब्रमण्यम के बाद गायक विपिन सचदेवा 90s के दौर में सलमान खान की आवाज बने थे। सनम बेवफा जैसी मूवीज के लिए विपिन ने गाने गाए। इसके अलावा अन्य कई कल्ट गीतों को विपिन ने अपनी आवाज दी। इसके अलावा उन्होंने बेटा, जनाम और जुनून जैसी मूवीज के हिट सॉन्गों को अपनी आवाज दी थी। आज वह भजन म्यूजिक कॉन्सर्ट तक सीमित है।

## खबर संक्षेप

### मिडिल स्कूल देवकिरारी में हिन्दी दिवस का हुआ आयोजन



**किरारी- अकलतरा।** शनिवार को बैगलेस डे के अवसर पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला देव किरारी में हिन्दी दिवस का आयोजन बड़े उत्साह और गरिमा के साथ किया गया। इस अवसर पर कक्षा छठवीं से आठवीं तक के बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। छोटे-छोटे बालकों ने कविताएं सुनाकर सभी का दिल जीता, वहीं छात्रों ने स्लोगन और विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से हिन्दी भाषा की महत्ता को प्रभावशाली ढंग से प्रस्तुत किया।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा। विशेष रूप से शिक्षिका उपासना शर्मा ने बच्चों को हिन्दी दिवस से जोड़ने में अहम भूमिका निभाई। उनके मार्गदर्शन से विद्यार्थियों ने कविताएँ, स्लोगन और रचनात्मक प्रस्तुतियां दीं, जिसने पूरे आयोजन को प्रेरणादायी बना दिया। कार्यक्रम में संस्था प्रमुख सुभाष कश्यप दीपक भानु, अनुभव तिवारी, सुनीता कश्यप, गोपेश पाटले और भूपेंद्र सिंह कंवर की गरिमामयी उपस्थिति रही। सभी ने बच्चों की प्रस्तुतियों की सराहना की और हिन्दी भाषा के संवर्धन पर अपने विचार साझा किए। विद्यालय परिवार ने संदेश दिया कि हिन्दी केवल भाषा नहीं, बल्कि हमारी संस्कृति और पहचान का प्रतीक है।

### आईटीआई प्रशिक्षार्थी 25 सितंबर से भर सकेंगे राज्य व्यावसायिक परीक्षा का फार्म

**हसौद।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था हसौद की फिटर, विद्युतकार, वेल्डर, स्कूल कोपा की समस्त प्रशिक्षणार्थी को सूचित किया जाता कि सत्र 2024-25 एस सी व्ही टी एंव हायर सेकेण्डरी एवं आई टी आई से संयुक्त अध्यापन योजना में 12 वीं के विद्यार्थियों की माह सितम्बर में राज्य व्यावसायिक परीक्षा आयोजित होगा। सीनियर प्रशिक्षणार्थी एवं जूनियर प्रशिक्षणार्थी अतः समस्त प्रशिक्षणार्थी समय पर उपस्थित होकर अपने परीक्षा फार्म भरना होगा परीक्षा 25 सितंबर से 29 सितंबर तक सम्पन्न होगा। परीक्षा प्रभारी पुष्पेन्द्र कुमार चन्द्रा एवं अंगद कश्यप से सम्पर्क करें।

### महाविद्यालय में धूमधाम से मनाया गया छत्तीसगढ़ रजत जयंती समारोह



**हसौद।** रामबाई कन्हैयालाल साहू कला एवं विज्ञान महाविद्यालय हसौद में रजत जयंती बड़ी धूमधाम से मनाया गया जिसमें छत्तीसगढ़ के गठन, विरासत, संस्कृति धरोहर, को सुक्षमता से बताई गई छात्र-छात्राएं रंगोली, वादविवाद भाषण ,गीत आदि में बढ़ चढ़कर भाग लिया। कार्यक्रम में उपस्थित महाविद्यालय के प्राचार्य डॉक्टर श्रीमती अलका साहू सहायक प्राध्यापकगण आदर्श यादव, लखन रोहिदास , जितेन बघेल, अजय जायसवाल, रिखीराम यादव, अमित साहू, संतोष भारद्वाज, सुश्री करुणा टांडेल, श्रीमती ललिता जायसवाल, श्रीमती स्नेहलता कुर्रे , दिनेश नवरंग, दिनेश साहू, रिपेन्द्र साहू, सुनील साहू ,निरंजन नागेश, मुकेश परमार सहा प्राध्यापकगण के साथ पुष्पेंद्र,राजेश खूंटे, देवेंद्र पटेल, दिव्या कश्यप, लता कश्यप, तनुजा परमार सहित बड़ी संख्या में छात्र उपस्थित रहे।

### पंडित सुंदरलाल शर्मा विवि में 15 अक्टूबर तक ले सकेंगे प्रवेश

**बलौदा।** पंडित सुंदर लाल शर्मा मुक्त विश्वविद्यालय बिलासपुर में प्रवेश सत्र जून जुलाई 2025-26 में प्रवेश हेतु विश्वविद्यालय द्वारा छात्र हित में 15 अक्टूबर तक कर दिया गया है। अध्ययन केंद्र शासकीय महाविद्यालय बलौदा के सहायक पंकज गौरहा ने बताया कि विश्वविद्यालय में बीए ,बीकॉम, बी बी ए, एमएससी गणित कंप्यूटर साइंस ,पी जी डी सी ए डी सी ए , एम ए संस्कृत ,अंग्रेजी हिंदी ,समाज ,राजनीति, छत्तीसगढ़ी एम ए शिक्षा एस व एमएसडब्ल्यू बीलिब, एम लीब,आदि पाठ्यक्रमों में प्रवेश प्रारंभ हो गया है।

विकासखंड शिक्षा अधिकारी ने जारी नोटिस

# औचक निरीक्षण में मिडिल स्कूल पहुंचे प्रभारी प्राचार्य, शिक्षक रहे नदारद

हरिभूमि न्यूज ⏭ हसौद

अधिकारियों के सख्त निर्देश के बावजूद भी शिक्षक निर्धारित समय पर स्कूल नहीं पहुंच रहे है। कुछ इसी तरह का नजारा मिडिल स्कूल देवरघटा में देखने को मिला। यहां सुबह 10 बजे औचक निरीक्षण में पहुंचे देवरघटा हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य ने देखा कि सभी बच्चे स्कूल पहुंच चुके है, लेकिन एक भी शिक्षक मौके पर उपस्थित नहीं थे। जबकि स्कूल में चार शिक्षक पदस्थ हैं। इसके बाद उन्होंने सभी बच्चों को लाइन लगाकर प्रार्थना करवाया।

गौरतलब है कि शिक्षा सत्र के तीन माह गुजरने के बाद भी सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की पढ़ाई को लेकर शिक्षक गंभीर नहीं है। आज भी शिक्षक समय पर स्कूल नहीं पहुंच रहे है। गुरुवार 11 सितंबर को देवरघटा के ही हाई स्कूल के प्रभारी प्राचार्य दिलेश्वर लहरें जब औचक निरीक्षण पर मिडिल स्कूल देवरघटा सुबह 10 बजे पहुंचे। उन्होंने देखा की सारे बच्चे प्रार्थना के समय पहुंच गए हैं, मगर मिडिल स्कूल के सारे शिक्षक नदारत है, जबकि यहां चार शिक्षक पदस्थ हैं। उन्होंने जैसे तैसे प्रार्थना के समय सभी बच्चों को लाइन लगाकर प्रार्थना करवाया। प्रार्थना उपरांत 10:20 बजे के बाद टीचर एक-एक कर स्कूल आने लगे तब उन्होंने पूछा आपके हेड मास्टर कहां है तब एक शिक्षक ने बताया कि वह छुट्टी पर है लेकिन आवेदन दिखा नहीं पाए ,जब लेट आने के बात उन्होंने



मिडिल स्कूल देवरघटा में प्रार्थना कराते हाई स्कूल के प्राचार्य दिलेश्वर लहरें।

पूछी तो जवाब भी नहीं दे पाए। यहां सभी शिक्षकों का लेटआना प्रतिदिन का रूटिंग का काम है। स्कूल में पढ़ाई का आलम यह है की तीन विषय में अंग्रेजी, संस्कृत और हिंदी की प्रथम पाठ तक नहीं पढ़ाई गई है, हेडमास्टर भी बीईओ के साथ रायपुर घूम रहे हैं। मिडिल स्कूल के हेड मास्टर दिलीप कश्यप से उनके पक्ष जानने के लिए मोबाइल से संपर्क गया तो उनसे संपर्क नहीं हो पाया।

#### जारी किए हैं नोटिस

मिडिल स्कूल देवरघटा हसौद में समय पर विद्यालय नहीं पहुंचने वाले शिक्षकों को नोटिस जारी की गई है। मिडिल स्कूल के हेडमास्टर दिलीप कश्यप मेरे साथ रायपुर गए थे।

**-विजय सिदार,**
विकासखंड शिक्षा अधिकारी जैजैपुर

#### उपस्थित नहीं थे शिक्षक

हां मैंने 11 सितंबर को सुबह 10 बजे मिडिल स्कूल निरीक्षण पर पाया की प्रार्थना के समय कोई भी शिक्षक उपस्थित नहीं थे, तो मैंने प्रार्थना करवाई एवं 10:20 के बाद शिक्षक एक-एक कर पहुंचे एवं हेड मास्टर के बारे में पूछने पर छुट्टी लेने की बात कही लेकिन आवेदन पत्र नहीं दिखा पाए।

**-दिलेश्वर लहरे,** प्रभारी प्राचार्य
शासकीय उच्च विद्यालय देवरघटा हसौद

### 14 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**बाराद्वार।** 14 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को बाराद्वार पुलिस ने गिरफ्तार किया है। उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए जेल भेजा गया। क्षेत्र मे चल रहें अवैध जुआ] सटटा, अवैध गांजा व शराब बिक्री एवं परिवहन करने वाले आपराधियों पर अकुंश लगाने के लिए एसपी सुश्री अंकिता शर्मा द्वारा अधिक से अधिक कार्यवाही करने की निर्देश दिए गए है। पुलिस द्वारा विशेष अभियान चलाकर अवैध शराब कोचियो के विरूध्द ताबातोड़ कार्यवाही की जा रही है। इसी तारतम्य में बाराद्वार थाना प्रभारी निरीक्षक प्रवीण राजपूत को शनिवार 13 सितंबर को मुखबीर से मिली सूचना पर टीम बनाकर रेड कार्यवाही की गई। इस दौरान ईश्वर दास वैष्णव पिता सत्यनारायण वैष्णव उम्र 49 साल निवासी डूमरपारा के कब्जे से 14 लीटर कच्ची महुआ शराब जब्त किया गया। जब्त शराब की कीमत 1400 सौ रुपए बताई जा रही है। आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। उक्त कार्यवाही मे निरीक्षक प्रवीण राजपूत, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेंगर, विजय पटेल, आरक्षक योगेश राठौर, उमेश सिदार रामकुमार यादव, जितेन्द्र सिदार का योगदान रहा।





समारोह में उपस्थित छात्र-छात्राओं को संबोधित करते अतिथि।

## शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की है कुंजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवरी-सारागांव

शासकीय नवीन महाविद्यालय सारागांव में 12 सितंबर को छत्तीसगढ़ राज्य के 25 वर्ष पूर्ण होने पर रजत जयंती समारोह का आयोजन किया गया।

■ महाविद्यालय में राज्य निर्माण के गौरवशाली 25 वर्षों को किया गया सेलिब्रेट

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जनभागीदारी विकास समिति के अध्यक्ष भुवनभास्कर यादव थे। अध्यक्षता महाविद्यालय के प्राचार्य बी.के.पटेल ने की। विशिष्ट अतिथि के रुप में केशव करियारे, जे.डी.एम. कन्या स्कूल के प्राचार्य एस.आर. कुर्रे, बी.डी. एम. स्कूल के प्राचार्य अरुण तिवारी, व्याख्याता एस.के. शर्मा उपस्थित थे। महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के 25 वर्षों की शैक्षणिक, सांस्कृतिक व सामाजिक उपलब्धियों का विस्तार से उल्लेख किया। डॉ. अंगेश चंद्रा ने छत्तीसगढ़ के अमर सपूतों और राज्य की कला और संस्कृति पर लोकसांस्कृतिक गीतों की प्रस्तुति कर माहौल को मंत्रमुग्ध कर दिया। मुख्य अतिथि भुवनभास्कर यादव ने छत्तीसगढ़ राज्य की संघर्षपूर्ण यात्रा के बारे में विस्तार से बताया। सभी अतिथियों ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षा ही समाज और राष्ट्र की प्रगति की कुंजी है। ज्ञात हो कि 5 सितंबर से 12 सितंबर के मध्य महाविद्यालय में विभिन्न प्रकार के कार्यक्रमों का आयोजन हुआ है। कार्यक्रम के प्रथम चरण में ग्रुप डिस्कशन, क्विज और भाषण प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। द्वितीय चरण में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा 'वृक्ष लगाकर प्रकृति का करेंगे श्रृंगार' विषय पर परिचर्चा की गई तथा महाविद्यालय के छात्र - छात्राओं द्वारा 'छत्तीसगढ़ की कला एवं संस्कृति' विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता आयोजित हुई । साथ ही महाविद्यालय के छात्रों द्वारा रैली निकाला गया। अंत में अतिथियों का साल और श्रीफल से सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का संचालन प्राध्यापक नवल किशोर अजगल्ले एवं धन्यवाद ज्ञापन प्रदीप पटेल ने किया। महाविद्यालय प्रांगण में में छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना की 25 गौरवशाली वर्षों का जश्न रजत जयंती समारोह के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया गया।

## सर्व धर्म शास्त्रों में शिरोमणि है श्रीमद् भागवत गीता : शशिप्रभा

**खरौद।** लक्ष्मणेश्वर मंदिर प्रांगण में ब्रह्माकुमारीज ओम शांति भवन खरौद नगर जरहापारा के द्वारा सच्ची गीता सार सुखद जीवन का आधार श्रीमद् भागवत गीता ज्ञान के आध्यात्मिक रहस्य द्वारा खुशहाल जीवन सप्ताह यज्ञ के प्रथम दिन ब्रह्माकुमारी शशिप्रभा ने गीतासार महात्म में कहा कि श्रीमद् भगवत गीता सर्व शास्त्रों में शिरोमणि है। यह केवल हिंदू धर्म का शास्त्र नहीं अपितु समस्त मानव जाति का शास्त्र है इसलिए संपूर्ण गीता में कभी भी कहीं पर भी हिंदू शब्द नहीं आया है गीता ही एकमात्र शास्त्र है जिसका सबसे अधिक भाषाओं में अनुवाद हुआ है जब स्वयं भगवान का गया हुआ मधुर गीत है बुद्धिमत्ता की कुंजी है कमजोर लोगों के लिए टॉनिक है इसमें अपार संपत्ति छिपी हुई है इसमें आध्यात्मिक पर खुशहाल जीवन जीने के रहस्य छिपे हुए हैं इस गीता ज्ञान यज्ञ में इन रहस्यों का उद्घाटन किया जाएगा। इस दौरान



श्री राधे कृष्ण की मनोरम झांकी के साथ कलश यात्रा ओम शांति भवन से निकली, जो सबरी मंदिर से होते हुए श्रीमद भागवत गीता ज्ञान पंडाल पहुंची। कार्यक्रम का उद्घाटन दीप प्रज्वलित कर किया गया, जिसमें नगर पंचायत अध्यक्ष श्री गोविंद यादव, उपाध्यक्ष श्री महेश्वर यादव, पूर्व अध्यक्ष श्री सुबोध शुक्ला, पार्षद नीलम यादव, सत्यम सीदार एवं सभी पार्षद गण उपस्थित रहे । सेवाकेंद्र संचालिका बीके मंजू दीदी एवं डॉ बीके कृष्णा तिवारी ने नगरवासियों सहित आसपास के लोगों से उपस्थिति की अपील है।

### निशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर आज

**बिर्रा।** आचार्य चाणक्य सभागार भवन में रविवार 14 सितंबर को निःशुल्क स्वास्थ्य परामर्श एवं चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया है। शिविर में विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे। प्रथम मल्टीस्पेशलिटी हॉस्पिटल सरकंडा बिलासपुर के द्वारा निशुल्क अस्थि, न्यूरो एवं मधुमेह रोग जांच एवं परामर्श शिविर का आयोजन रविवार 14 सितंबर को सुबह 11 बजे से आचार्य चाणक्य सभागार भवन बिर्रा में रखा गया है। शिविर में डॉक्टर रजनीश कुमार पांडे, डॉक्टर एस के धर, डॉक्टर लक्ष्मी नारायण मिश्रा, डॉक्टर वैभव कौशिक, डॉक्टर अंबिकेश पांडे आदि के अलावा विशेषज्ञ डॉक्टर अपनी सेवाएं देंगे। इस निःशुल्क शिविर में आसपास के मरीजों से लाभ लेने के लिए शिविर के संयोजक मनोज कुमार तिवारी ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होने का आग्रह किया है।

## कबड्डी प्रतियोगिता बालक वर्ग में नवागढ़ व बालिका वर्ग में बम्हनीडीह प्रथम

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

स्थानीय समाजसेवी संस्था लायंस क्लब द्वारा संचालित लायंस इंग्लिश हायर सेकेण्ड्री स्कूल में विगत 10 सितम्बर को जिला स्तरीय शालेय क्रीड़ा प्रतियोगिता (कबड्डी) अंडर-17, बालक/ बालिका वर्ग) का आयोजन सफलता पूर्वक किया गया। समापन समारोह में लायंस

■ लायंस स्कूल में जिला स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता आयोजित

क्लब चांपा के अध्यक्ष लायन संतोष सोनी मुख्य अतिथि तथा लायंस क्लब शिक्षण समिति के चेयरमेन लायन रामप्रपन्न देवांगन विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे।

कार्यक्रम में जिले के पांच विकासखण्डों के खण्ड प्रभारी भी शामिल हुए। स्पर्धा में बालिका वर्ग में बम्हनीडीह विकासखण्ड ने प्रथम



प्रतिभागी विद्यार्थियों के साथ लायंस क्लब के पदाधिकारी।

स्थान तथा बालक वर्ग में नवागढ़ विकासखण्ड ने प्रथम स्थान हासिल किया। समापन समारोह को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि लायन संतोष सोनी ने कहा कि क्रीड़ा प्रतियोगिताएं न केवल विद्यार्थियों के शारीरिक विकास का माध्यम है बल्कि ये उनमें अनुशासन, आत्म विश्वास और टीम भावना का भी निर्माण करती है। आज के विजेता और प्रतिभागी आने वाले समय में जिले का ही नही वरन प्रदेश और देश का भी नाम रौशन करेंगे। विशिष्ट अतिथि लायन रामप्रपन्न देवांगन ने विद्यार्थियों को खेलों में निरंतर भागीदारी हेतु प्रोत्साहित किया। कार्यक्रम के सफल संचालन में विद्यालय परिवार तथा क्रीड़ा विभाग का विशेष सहयोग रहा। चयनित खिलाड़ी संभाग स्तर पर जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## श्रम वीर स्वास्थ्य जांच शिविर में 376 की हुई जांच



स्वास्थ्य परीक्षण कार्यक्रम में मौजूद अधिकारी, चिकित्सक व श्रमिक।

**चांपा।** छत्तीसगढ़ राज्य के 25वें स्थापना दिवस के अवसर पर विगत 15 अगस्त से आगामी 6 फरवरी 2026 तक स्थानीय प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड में विविध आयोजन किये जा रहे है। आयोजन के तहत प्रथम चरण में शुक्रवार 12 सितम्बर को प्रकाश इण्डस्ट्रीज लिमिटेड के सभागार में श्रम विभाग के निर्देश पर श्रमवीर स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में 376 श्रमवीरों के स्वास्थ्य की जांच की गयी। शिविर में कारखानें के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. लोकेन्द्र लगर सहित उनकी टीम, कारखाना प्रबंधक उदय सिंह तथा कर्मचारी राज्य बीमा निगम से डॉ मयंक मेश्राम और श्रम अधिकारी संदीप देवांगन, धनेन्द्र चन्द्राकर व मनीष शर्मा के नेतृत्व में अनेक लोगों ने सहयोग प्रदान किया।

## कलेक्टर ने पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

जिले में आम जनता तक योजनाओं की जानकारी पहुंचाने के उद्देश्य से शनिवार को कलेक्ट्रेट कार्यालय परिसर से पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना के प्रचार रथ को कलेक्टर अमृत विकास तोपनो ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

कलेक्टर श्री तोपनो ने इस योजना के विषय में बताया कि यह योजना ग्रामीण एवं शहरी दोनों ही क्षेत्रों के उपभोक्ताओं के लिए अत्यंत लाभकारी है। यह प्रचार रथ जिले के सभी विकासखंडों के गांव-गांव पहुंचकर आमजन को इस योजना की विशेषताओं, आवेदन प्रक्रिया और इससे मिलने वाले लाभ के बारे



प्रचार रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना करते कलेक्टर अमृत विकास तोपनो।

में जानकारी देगा। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री सूर्य घर योजना देश को ऊर्जा की दिशा में आत्मनिर्भर बनाएगी। सरकार द्वारा सोलर पैनल स्थापना पर सब्सिडी सीधे लाभार्थियों के खाते में दी जाएगी। इससे आम परिवार को बिजली खर्च में राहत मिलेगी और पर्यावरण संरक्षण को भी बढ़ावा मिलेगा। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी परिवारों तक सौर ऊर्जा के लाभ को पहुंचाना है। कार्यपालन अभियंता विद्युत विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सूर्यघर योजना रथ जिले के विभिन्न ग्रामों एवं कस्बों में घूम घूम कर लोगों को योजना की जानकारी देगा। रथ के माध्यम से आम जनता को यह बताया जाएगा कि छत पर सोलर पैनल लगवाकर वे अपने बिजली बिल को कम कर सकते हैं तथा अतिरिक्त बिजली विक्रय कर आमदनी भी प्राप्त कर सकते हैं। कलेक्टर श्री तोपनो ने विद्युत विभाग के अधिकारियों को निर्देशित किया कि योजना का जमीनी स्तर पर प्रचार-प्रसार सुनिश्चित करें, ताकि जिले के पात्र परिवार इस योजना के तहत आवेदन कर लाभ ले सकें। उन्होंने ग्रामीणों से अपील की है कि वे इस योजना की जानकारी प्राप्त कर इसका लाभ अवश्य उठाएं।

## स्कूलों में नेत्र जांच पखवाड़ा शिविर का किया गया आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सक्ती

स्वास्थ्य विभाग द्वारा बच्चों की नेत्र सुरक्षा के लिए स्कूलो में नेत्र जांच पखवाड़ा शिविर का आयोजन किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. पूजा अग्रवाल के कुशल मार्गदर्शन और देखरेख में शनिवार को जिले के चार प्रमुख विद्यालयों में शिविर आयोजित हुए स्वामी आत्मानंद उत्कृष्ट विद्यालय कसेरपारा (सक्ती), प्राथमिक शाला देवरी, प्राथमिक शाला सोठी और शासकीय पूर्व माध्य शाला मालखरौदा में विशेषज्ञ टीम और प्रबंधन स्वास्थ्य विभाग की विशेष नेत्र परीक्षण इकाई, नेत्र सहायक अधिकारी एवं सहयोगी कर्मचारियों ने मिलकर शिविर का आयोजन किया। हर विद्यालय में बच्चों की दृष्टि तीक्ष्णता, रंग पहचान और



बच्चों की आंखों की जांच करते चिकित्सक।

निकट-दृष्टि, दूर-दृष्टि दोष का परीक्षण आधुनिक उपकरणों से किया गया। साथ ही, उनके अभिभावकों और शिक्षकों को दृष्टि स्वास्थ्य बनाए रखने के उपाय, जैसे नियमित नेत्र परीक्षण, पौष्टिक आहार और नेत्र स्वच्छता के महत्व पर मार्गदर्शन दिया गया। डॉ. पूजा अग्रवाल ने उपस्थित अभिभावकों को कहा कि स्वस्थ दृष्टि हर विद्यार्थी के उज्ज्वल भविष्य की नींव है। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि जिले के किसी भी बच्चे को नेत्र स्वास्थ्य सेवाओं से वंचित न रहना पड़े। आने वाले समय में हम हर ब्लॉक और पंचायत स्तर पर ऐसे शिविरों का विस्तार करेंगे। शिविर की सुचारू व्यवस्था और सफल संचालन के लिए टीम को विशेष धन्यवाद दिया गया।







